

## एक नजर में

### लोकल फॉर वोकल - की थीम पर आयोजित सात दिवसीय आकांक्षा हाट का हुआ समापन

**रतलाम।** जिला मुख्यालय पर गुलाब चक्कर पर 29 अगस्त से 4 सितंबर तक आकांक्षा हाट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुश्री नीना आशापुरे, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, रतलाम की अध्यक्षता में समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कलेक्टर राजेश बाथम एवं नीरज पवैया सचिव/न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रतलाम उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ में दीप प्रज्जलित कर अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। जिसके पश्चात बालिकाओं द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। आकांक्षा हाट में रतलाम के स्थानीय उत्पादो को बढ़ावा देने के लिए स्टॉल लगाये गये। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के स्थानीय निवासियों द्वारा तैयार किए। गए ऑर्गेनिक एवं आयुर्वेदिक तथा अन्य हाथ से तैयार किए गए प्रोडक्ट के इस आकांक्षा हाट में अलग-अलग स्टॉल स्थापित किए गए। लगातार सात दिवस तक रतलाम जिले की जनता को स्थानीय उत्पादों का लाभ प्राप्त हुआ। आकांक्षा हाट में कुल 35 स्टॉल लगाए गए, सभी स्टॉलों से कुल 1852 उत्पादों की बिक्री हुई, जिनके माध्यम से 3,48,780-/ रुपए की धनराशि विक्रेताओं को प्राप्त हुई। आकांक्षा हाट के साथ ही सातों दिवसों में प्रतिदिन गुलाब चक्कर में लाइटिंग एवं संगीत गायन, नृत्य आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। समापन अवसर पर सु नीना आशापुरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे समाज मे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देते हैं, जो व्यावसायी अपने उत्पादों को बड़े स्तर तक नहीं ले जा सकते वह इन हाट बाजारों में अपने उत्पादों को उचित मूल्य पर विक्रय हेतु रख सकते हैं और अपना प्रचार-प्रसार कर सकते हैं, जिससे वह अपनी आजीविका को अच्छे तरीके से चला सकते हैं। उनके द्वारा हाट में उपस्थित सभी व्यापारियों एवं किसानों तथा कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागीगणों एवं प्रदर्शनकर्ताओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित नालसा एवं सालसा की योजनाओं के बारे में संक्षिप्त में बताया कि हमारा उद्देश्य समाज में पंक्ति के अंतिम छोर के व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना है। आकांक्षा हाट में जिन स्टालों द्वारा अच्छा परफॉर्मेंस किया गया, उनको प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बाजना जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी जन अभियान परिषद के जिला समन्वय, जिला योजना अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### अगर ध्यान भटक गया तो मोक्ष प्राप्ति में सहायक की जगह बाधक हो जाएंगे: सद्भाव सागरजी मसा

**रतलाम।** श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर स्टेशन रोड पर आचार्य 108 विशुद्ध सागर जी म.सा. के शिष्य मुनि श्री 108 सद्भाव सागर जी म.सा. एवं क्षुल्लक 105 श्री परम योग सागर जी म.सा. द्वारा चंद्रप्रभा मंदिर मे पाट पर विराजित है। पर्यूषण पर्व के अंतर्गत दो बत्ती स्थित लोकेंद्र भवन पर पर मुनि श्री सद्भाव सागर जी मसा. ने अपने व्याख्यान में कहा कि उत्तम आकिंचन्य रत्नत्रय व्रत के बारे में बताया कि उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप उत्तम त्याग यह आठो धर्म के सार है परंतु अब कुछ विशेष प्रारंभ होने वाला है यह आठ बाहर दिखेंगे जब भी व्यक्ति आपके पास, अपने लिए आपसे जुड़ेगा वह अकिंचन धर्म है। जिस दिन अकिंचन भाव पर दृष्टि चली जाएगी आपको आंतरिक समृद्धि का भंडार मिल जाएगा। मैं अकेला हूं, अकेला था और अकेला ही जाऊंगा यह जीव जब समझता है तो वह जुड़ता है, जोड़ता है और टूटता है। सबसे पहले जीव संसार से परिवार से लोगों से जुड़ता है और व्यावहारिकता, कार्य, व्यापार नौकरी में लोगों को जोड़ता है और अंत में टूटता है क्योंकि अंत में व्यक्ति समझ जाता है की संसार में सभी लोग स्वार्थी हैं तो वह टूटता है। टूटना भी दो प्रकार का होता है। जीव जब दूसरे जीव के मोह में पड़ जाता है और उसे धोखा मिलता है तो वह टूटा है और डिप्रेशन में चला जाता है और दूसरा गुरु से गुरु से जुड़ता है तो संसार से टूटता है और गुरु समझते हैं की जीव जुड़ता है तो उसे गुरु रोकते हैं जीव नहीं मानता है और मोह और राग में आकर लोगों को जोड़ता है फिर भी गुरु समझते हैं और अंत में संसार से टूटता है और पूर्ण रूप से गुरु से जुड़ जाता है क्योंकि जीव जब तक टूटेगा नहीं वह जुड़ भी नहीं पाएगा इसलिए एकात्म भाव भाव गुरु समझते हैं और जब एकात्मक भाव एकोभव का रस आने लग गया तब समझ लेना की अकिंचन भाव आ गया है क्योंकि जब अकिंचन भाव आएगा तो आप अपने घर नहीं रह पाओगे इसलिए अज्ञानी जीव रोता है और बैरागी खुश हो जाता है क्योंकि जीव वस्तु स्वरूप को समझ लेता है यह सृष्टि का नियम है। अकिंचन के सिद्धांत को आप बचपन से सुनते गुनगुनाते आए हो पर यह भाव से भिन्न स्व भाव को मनाना यही अकिंचन है। तुम जिस मित्र के साथ हो उससे मिलकर रहो पर उसे अपना मत मान लेना क्योंकि मित्र, परिवार, रिश्ते यह सब यही रह जाएंगे और मोक्ष मार्ग में साधना करने के समय अगर ध्यान भटक गया तो मोक्ष प्राप्ति में सहायक की जगह बाधक हो जाएंगे। क्योंकि व्यवहार मिटाए बिना संसार मिट्टी नहीं सकता क्योंकि आप दूसरों के साथ तो रहे पर अपने साथ नहीं रहे अपने साथ रहना सीख लो भगवान महावीर स्वामी के 96000 रानियां थी किसी भी चीज की कमी नहीं थी तब तक उनको अकिंचन भाव नहीं आया। जैसे ही उन्होंने छोड़ा अकिंचन भाव जागृत हो गया एकोऽहम् दीक्षा लेने की भावना है तो बहुत ज्यादा सोचने की आवश्यकता नहीं है। मिलकर रहो, व्यवहार आपका धर्म है नहीं रहना भी पाप है, नहीं मिलोगे तो तुम किसी और से मिल जाओगे। अकिंचन धर्म में प्रवेश करना है तो यही शिक्षा देता है कि मिलकर रहो, मिले मत रहना। उक्त बात अपने प्रवचन में कहीं। कल प्रात: 8.30 बजे उत्तम ब्रह्मचर्य अनंत चतुर्दशी पर व्याख्यान दिया जाएगा। इस शिविर के निर्देश प्रतिष्ठा आचार्य संतोष भैया ललितपुर है तथा संगीतकार हार्दिक जैन मुंबई द्वारा भजन किए जा रहे हैं। आयोजक श्री चंद्र प्रभ दिगंबर जैन श्रावक संघ, श्री विद्या सिंधु महिला मंडल श्री विमल सन्मति युवा मंच एवं सकल दिगंबर जैन समाज रतलाम है। उक्त जानकारी श्रावक संघ संयोजक मांगीलाल जैन ने दी।

### सैलाना विधानसभा क्षेत्र में फसल नुकसान का सर्वे और मुआवजा वितरण की मांग

**सैलाना।** पूर्व विधायक, कांग्रेस महासचिव व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गेहलोत के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचकर एसडीएम तरुण जैन को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने शासन से मांग की है कि फसल नुकसान का सर्वे करवाकर उचित मुआवजा किसानों को प्रदान किया जाए और फसल बीमा राशि वितरित की जाए। गेहलोत ने कहा है कि विधानसभा क्षेत्र में निरंतर वर्षा और पिला मौजक बीमारी के कारण फसलों को भारी नुकसान हुआ है। अभी तक क्षेत्र में लगभग 70 इंच वर्षा हो चुकी है, जो सामान्य से दुगुनी है। जिससे सम्पूर्ण विधानसभा में फसले पूर्ण रूप से नष्ट हो चुकी हैं। वर्तमान मे किसानों की सोयाबीन और अन्य फसलें जलभराव और पिले मौजक बीमारी के कारण नष्ट होने के कारण किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है इस कारण क्षेत्र का किसान बेहद चिन्तित हैं, कई गांवों और क्षेत्रों में फसल बीमा की राशि प्राप्त नहीं हुई है, जिससे किसानों को निराशा और आर्थिक नुकसान हुआ है। राज्यपाल के नाम दिए ज्ञापन में मांग कि गई कि प्रशासन शासन स्तर राजस्व अमले को खेतों में भेजकर फसलों का सर्वे करवाया जाए। और उचित मुआवजा किसानों को प्रदान किया जाए। साथ ही सम्पूर्ण विधानसभा में फसल बीमा राशि वितरित की जाए। जिला अध्यक्ष गेहलोत ने कहा है कि उक्त मांग 15 दिनों के अंदर होनी चाहिए नहीं तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करेगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश पाटीदार पूर्व मंडी अध्यक्ष शेखर गेहलोत, पूर्व मंडी अध्यक्ष श्री राम चौधरी, सरवन ब्लॉक अध्यक्ष छगन भगोरा, नगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला युवा नेता हनी गहलोत सहित बड़ी संख्या में किसान, कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तीन वर्ष से निशुल्क नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी करवा रहे यादव हुए सम्मानित

**जावरा।** डॉ राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रुप में शुक्रवार को मनाया गया। विद्यालय प्रभारी बद्रीलाल राठौर तथा नारकोटिक्स के सेवानिवृत्त निरीक्षक जगदीशचंद्र यादव (चिक लाना) ने पूर्व राष्ट्रपति के जीवन तथा उनके व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शाला प्रभारी राठौर द्वारा जगदीशचंद्र यादव चिकलाना जो गत तीन वर्ष से निशुल्क नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी करवाते आ रहे हैं तथा निजी व्यय पर रखी हुई शिक्षिका श्रीमती सरोज कुंवर तथा कुमारी रेणु राठौर का, शाल, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के रघुनाथ राठौर, मनोज राठोर के अलावा गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# दिन में कभी धूप तो बादल छाए, शाम को तेज बारिश

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पिछले दो दिनों से हो रही भारी बारिश अब परेशानी वाली बारिश में बदल गई हैं। शुक्रवार को सुबह दिनभर से मौसम खुला नजर आया। लेकिन शाम होते-होते तेज बाशि शुरू हो गई। थोड़ी देर की बारिश से सड़के तालाब में तब्दिल हो गई। बारिश का दौर रात 8 बजे तक जारी रहा।

**थोड़ी देर की बाशि से सड़के बनी तालाब**

बुधवार देर रात हुई रिमझिम बारिश सुबह का दौर दो दिन से तेज बारिश में बदल गया हैं। गुरूवार के बाद शुक्रवार को सुबह तेज धूप निकली। लगा मौसम में बदलाव आएगा और मुसलाधार बारिश से राहत मिलेगी। लेकिन शाम होते-होते करीब 5 बजे फिर तेज बारिश शुरू हो गई। कुछ देर की तेज बारिश ने सड़कों को तालाब बना दिया। न्यू रोड व दो बत्ती क्षेत्र में सड़कों पर भारी पानी भरा गया। वहीं राम मंदिर, सैलाना बस स्टैंड सहित अन्य सड़कें पानी में पूरी तहर डूब गई। मानसून ट्रफ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) की वजह से मध्यप्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। इससे लगातार बारिश का दौर जारी हैं। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों भी तेज बारिश तो कभी रिमझिम और कभी धूप का मौसम बना रहने वाला हैं। कलेक्टर कार्यालय भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 24 घंटे में रतलाम जिले में औसत 50 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है। इसमें आलोट में 19 मि.मी., जावरा में 36 मि.मी., पिपलोदा में 118 मि.मी, बाजना में 39 मि.मी., रतलाम में 56 मि.मी., रावटी में 110 मि.मी., सैलाना में 22 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। 01 जून से लेकर आज दिनांक तक रतलाम जिले में औसत वर्षा 1128.50 मि.मी दर्ज की जा चुकी है।



**एसडीईआरएफ सहित प्रशासनिक अधिकारी तैनात**

जिले में हो रही लगातार भारी बारिश के चलते कलेक्टर राजेश बाथम के निर्देशानुसार जल भराव एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए एस डी ई आर एफ सहित प्रशासनिक अधिकारी नदी/नालों, पुल/पुलियाओं पर सतत् निगरानी रखे हुए है। एसडीएम, तहसीलदार/नायब तहसीलदार नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास विभाग एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सतत् भ्रमण कर आमजन को बाढ़/अतिवृष्टि की स्थिति में सहायता प्रदान कर रहे है एवं नदी/नाले पार नहीं करने एवं पुल/पुलियाओं पर बा? का पानी होने की स्थिति में आवागमन नहीं करने के लिए समझाईश दे रहे है। घरो मे पानी भरने की स्थिति मे रहवासियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा रहे हैं। हाथीखाना रतलाम में जल भराव की सूचना पर एस डी ई आर एफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची। नाली का चैंबर ब्लॉक था, पत्थर हटा दिया गया है पानी कम हुआ है। रतलाम शहर में जलभराव की स्थिति वाले सभी ईलाको मे टीम तैनात हैं। एस डी एम विवेक सोनकर ने बताया कि ग्राम पलडूना मे घर में पानी भर आया था जेसीबी से निकाल दिया गया है, स्थिति सामान्य है। बाढ़ प्रभावित सभी क्षेत्रों में प्रशासनिक अधिकारी निगरानी बनाये हुए है।

## अल्टो कार से भारी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी

**रतलाम/ आलोट/।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा, अनुविभागीय अधिकारी पल्लवी गौर के मार्गदर्शन मे थाना आलोट पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर अल्टो कार से अवैध शराब का परिहवहन करते आरोपी को पकडने मे सफलता मिली है। पुलिस के अनुसार घटना का विवरण इस प्रकार है कि गुरूवार को प्राप्त मुखबीर सुचना पर कार्यवाही करते खेडी खामरिया रोड बायपास फंटा पहुचे जहाँ फोर्स की मदद से नाकाबन्दी के दौरान नागदा तरफ से एक मारुती सुजुकी अल्टो के 10 कार क्र. आरजे 17 सीसी 1804 आती दिखी पुलिस को देखकर चालक ने वापस कार नागदा की तरफ पलटा कर नागदा तर्फ भागने लगा आगे चलकर रोड रोगमुक्तेश्वर मंदिर के पास कार को खाई मे उतार दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी दिलीप सिंह पिता रामसिंह निवासी मुंज थाना आलोट तथा भारतसिंह पिता कालुसिंह निवासी उन्हैल जिला झालावाड राजस्थान भाग गये कार को चेक करते कार के अंदर भारी मात्रा मे अवैध शराब की पेटिया 11 पेटी देशी प्लेन शराब कीमती, 02 पेटी देशा मसाला शराब तथा चार पेटी पावर 10000 बीयर भरी मिली जिस पर उक्त शराब की पेटियो तथा मारुती सुजुकी अल्टो को जप्त किया गया। फरार आरोपीयो की तलाश जारी है।

फरार आरोपी: दिलीप सिंह पिता रामसिंह निवासी मुंज थाना आलोट, - भारतसिंह पिता कालुसिंह निवासी उन्हैल जिला झालावाड राजस्थान

**इनकी रही सराहनीय भूमिका** :उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी शंकर सिंह चौहान, प्रआर. अमित भावसार, आर लोकेन्द्र शर्मा, आर जीवन सुहील, आर. अभिनन्दन सिंह आर. सुनिल चुनारा, आर चालक मनोज भट्ट, सराहनीय योगदान रहा है।

## अतिथियों ने की बप्पा की आरती

**रतलाम।** पैलेस रोड स्थित नित्य चिंताहरण गणपति मंदिर पर श्री गणेश उत्सव के आठवें दिन बुधवार को आरती में अतिथि के रूप में नगर के लोकप्रिय विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन के केबिनट मंत्री चेतन्य जी कश्यप समाज सेवी युवा नेता मदन सोनी, अभिषेक कोठारी, पींटू टांक, अंकित बरमेचा, पिंकेश सुराना, राहुल वाघेला, रुपसिंह चौहान आदि उपस्थित हुए। मंदिर समिति द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन किया गया। की प्रसादी 3.5 क्विंटल साबुदाना की खिचड़ी, के लाभार्थी सचिन सिंह देवड़ा, अमित सिंह देवड़ा, अंकुर सिंह देवड़ा, राजवीर सिंह देवड़ा परिवार एवं केसर दूध के लाभार्थी नितेश कुमार अग्रवाल परिवार रहा।

## अवैध देशी शराब जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

**नवभरत न्यूज**

**रतलाम।** थाना स्टेशन रोड पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध कार्यवाही की गई। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गुरूवार को को थाना स्टेशन रोड पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक जीजे 06एलबी 9248 में अवैध देशी शराब लेकर विक्रय हेतु आने वाले हैं। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने नाकेबंदी कर कार को रोका। कार से कुल 08 पेटी (400 क्वार्टर, 72 बल्क लीटर) अवैध देशी सफेद मदिरा, जिसकी अनुमानित कीमत 32,000/-, तथा कार जिसकी कीमत लगभग 4,00,000/- व तीन मोबाइल फोन (कुल कीमत 65,000/-) जप्त किए गए। मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उक्त अवैध शराब उन्हें राहुल पंचोलिया निवासी सीशाखेड़ी एवं अमन उर्फ बच्चा निवासी ईशरथुनी द्वारा सप्लाई की गई थी। पुलिस द्वारा इन दोनों आरोपियों की तलाश जारी है, जिनकी कार पुलिस को देखकर फरार हो गई।

**इन्हें किया गिरफ्तार :** हर्षित पिता कैलाशसिंह चावड़ा, उम्र 22 वर्ष, निवासी मेहताजी का वास रतलाम। अजय पिता राधेश्याम राठौर, उम्र 22 वर्ष, निवासी बिरमावल थाना बिलपांक, सौरभ पिता मनोहरलाल खारोल, उम्र 21 वर्ष, निवासी दीनदयाल नगर रतलाम

**सराहनीय भूमिका** :निरीक्षक स्वराज डाबी थाना स्टेशन रोड रतलाम, सउनि देवेंद्र सिंह सेंगर, प्र.आर. मुकेशसिंह व आर. अनिल व आर. राहुल व आर. हेमराज डामोर की सराहनीय भूमिका रही।

## इस रसेंद्री पर नियंत्रण बहुत जरूरी - डॉ संयमलता म.सा.

**रतलाम।** धन्य कुमार ने प्रभु महावीर की वाणी से प्रभावित होकर संयम स्वीकार किया। और संयम लेते ही बेले बेले पारणे वो भी आयंबिल से करते थे। प्रभु महावीर ने स्वंय फरमाया की उनके शिष्यों मे सबसे दुष्कर तप धन्ना मुनि कर रहे है। और अंत समय मे 1 माह का संलेखना संथारा करके 33 करोड सागरोपम सर्वसिद्ध विमान देवलोक में आयुष्य प्राप्त किया। इस प्रकार मात्र रसेंद्री पर नियंत्रण करके इतना बडा पद धन्ना अनगा्र ने प्राप्त किया। उक्त विचार नीमचौक स्थानक पर आयोजित धर्मसभा मे जैन दिवाकरीय महासाध्वी डॉ संयमलता म सा ने व्यक्त किए। आपने फरमाया की हमारा अपनी रसेंद्री पर कितना नियंत्रण है यह हमे नाही पता। हम तो होम टू होटल और होटल टू हॉस्पिटल जा रहे है। इस जिन्हा पर बोलने में भी नियंत्रण करो और खाने में भी नियंत्रण करो। बोलने में नियंत्रण नही तो रिश्ते खराब और खाने में नियंत्रण नहीं तो स्वास्थ और भव सब् खराब। इस रसेंद्री पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। श्रीसंघ मीडिया प्रभारी निलेश बाफना ने बताया की मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यपमसा के दर्शनार्थ एवं क्षमापना निमित्त पधारे।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल ने की महाआरती

रतलाम। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय मे 10 दिवसीय गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। इसमें मंगलवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल ने महाआरती की। महाआरती के दौरान जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला मंत्री शैलेन्द्र सिंह सिसोदिया, जिला सह कार्यालय मंत्री राकेश नागर, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, मंडल महामंत्री विवेक शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष राजेश पांचाल, राहुल रांका, संजय पाण्डेय, प्रकाश बंशीवाल, दीपक राजपुरोहित, सहित पवन सोमानी, धीरज प्रजापत, शुभम टांक, सांवरलाल तिवारी, बंटी चौहान, जयेश वसावा, कैलाश पंवार आदि उपस्थित रहे।




## भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी का विवाह संपन्न

रतलाम। अमृत सागर तालाब स्थित चारभुजा नाथ मंदिर श्री राजपूत ट्रस्ट द्वारा श्रीमद्भागवत कथा चल रही है। इसके अंतर्गत आज छठे दिन श्री कृष्ण और रुक्मणी का विवाह संपन्न हुआ। जिसमें रूकमणि जी माताजी के मंदिर पहुंची और भगवान श्री कृष्णा उनको लेकर भागे और गंधर्व विवाह संपन्न किया। इस कथा का वाचन वृंदावन धाम के गोवत्स हेमंत अग्निहोत्री जी द्वारा किया जा रहा है। इसमें श्री कृष्ण- परी पवार, रुक्मणी - दिव्या राठौर साक्षी राठौर बनी। भगवान श्री कृष्ण की आरती पश्चात प्रसादी वितरण की गई। इसमें ट्रस्ट के ठाकुर विजय सिंह हारोड, महिला मंडल अध्यक्ष रेखा कुंवर सिसोदिया, राम सिंह जाधव, राजेश सिंह चौहान, बाबू सिंह राठौर, वीरेंद्र सिंह राठौर, प्रवीण सिंह हारोड, तथा महिला मंडल में श्रीमती राम कंवर राठौर, उषा कुंवर डोडिया, कृष्णकांता सिसोदिया, सुनिता कुंवर चौहान, सुनीता कुंवर सांखला।

## अकाउंटेंट्स एसोसिएशन ने किया हेमन्त मूणत का सम्मान

**रतलाम।** अकाउंटेंट्स एसोसिएशन की तृतीय साधारण सभा इसरथुनी स्थित श्री गणेश मंदिर परिसर में आयोजित की गई। इस अवसर पर एसोसिएशन के संरक्षक एवं हाल ही में रेडक्रॉस सोसाइटी रतलाम के चुनाव में संचालक निर्वाचित हुए हेमन्त मूणत का भव्य सम्मान किया गया।

सभा की अध्यक्षता करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज राठौड़ ने कहा कि हेमन्त मूणत सदैव समाजसेवा में अग्रणी रहे हैं। उनके प्रयासों से रतलाम में पिछले चार वर्षों में नेत्रदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। अब रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से सेवा का एक नया अवसर प्राप्त हुआ है।

इस अवसर पर संचालक निर्वाचित हेमन्त मूणत ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से समाजसेवा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। सभा में एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, प्रमेन्द्र नाहटा, महेश पांचाल, दीपक अग्रवाल, मुकेश पांचाल, पंकज भण्डारी, अंशुल ऐरन, संजय शर्मा, यश पवार, अखिलेश ओझा, अनुज गंगवाल, मोहनसिंह पंवार, जावेद जैदी, पुरुषोत्तम पांचाल, विशाल मूणत, शैलेन्द्र परमार, राजेन्द्र गुगलिया, राजेश कटारिया, प्रकाश गेहलोत, प्रदीप शर्मा, ईश्वर गोयल, जितेन्द्र जैन, सौरभ मित्तल, तरुण खिमेसरा, नितिन माहेश्वरी, हरीश मेघानी, जीशान मंसूरी, अबरार हुसैन, हरीश राठौड़, संतोष बोराणा, आदेश भण्डारी, भावेश अरोरा, कुलदीप लोधावर, शुभम चोपड़ा, रोहित वशिष्ठ, भूपेन्द्र व्यास, देवेश रांका, सुशील उपाध्याय सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।





## 50 विद्यालय के 1500 विद्यार्थियों की जांच में 550 को चश्मे लगेंगे चश्मे

**जावरा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे के मार्गदर्शन में एवं जिला अंधत्व निवारण कार्यक्रम अधिकारी डॉ एस एस गुप्ता, सीबीएमओ जावरा डा शंकरलाल खराड़ी, डा पवन पाटीदार पिपलौदा, सिविल हॉस्पिटल जावरा प्रभारी डॉ दीपक पालड़ीया के निर्देशन में राष्ट्रीय दृष्टिहीनता कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025 में जावरा एवं पिपलौदा ब्लॉक के स्कूलो में कक्षा एक से लगाकर 12 वी तक के विद्यार्थियों की नि:शुल्क जांच कर चश्मे वितरित किये जा रहे हैं, इसके साथ ही विज्ञान शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा, अभी तक 50 विद्यालय के 1500 विद्यार्थीयो की जांच की गई, इनमें से 550 विद्यार्थीयो को चश्मे लगने के योग्य पाया गया, इन सभी की सूची चश्मे बनने के लिए स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय रतलाम भेज दी गई है साथ ही विद्यार्थीयो को खान, पान संबंधी जानकारी भी दी गई, मोबाइल स्क्रीन, टीवी में ज्यादा समय देने के दुष्परिणाम के बारे में भी सतर्क किया गया, जावरा एवं पिपलौदा ब्लॉक के अंधत्व निवारण कार्यक्रम प्रभारी अनूप जोशी ने बताया कि शिक्षा विभाग के सहयोग से इस कार्यक्रम के माध्यम से टीचर्स एवं स्टूडेंट्स को जागरूक भी किया जा रहा है, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने यह जानकारी दी।

**पर्व** | पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर निकाला जूलुस तथा तकरीर का हुआ आयोजन

# जन्मदिन पर गुलशनाबाद हुआ गुलशन

**नवभारत न्यूज़**

**जावरा।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लाहो अलैह वसल्लम के जन्मदिन के मुबारक मौके पर ईद मिलादुन्नबी का जुलूस 5 सितंबर शुक्रवार को प्रात: 9 बजे कर्बला मैदान से प्रारंभ हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ वापस कर्बला मैदान पहुंचा। जहॉ औलामाओं के तकरीर के साथ सलामों सलाम होने के बाद समापन हुआ। जुलूस में बड़ी संख्या मेंधर्मालु शामिल हुए। नगर जो नवाब के जमाने में गुलशनाबाद के नाम से जाना जाता था व आज के जलसे को देखते हुए हर तरफ यही चर्चा रही कि जावरा गुलशन हो गया। प्रशासन की ओर से सुरक्षा को देखते हुए माकुल व्यवस्था की गई थी। इधर जुलूस में चौराहो-चौराहो पर खाट पर घोडी का नृत्य आकर्षण का केन्द्र बना हुआ था। जुलूस तथा इसमें शामिल अलामाओं का 50 से अधिक स्थानों पर नगर पालिका तथा कांग्रेस सहित सामाजिक संस्थाओं ने स्वागत-सम्मान किया। इधर जुलुस समाप्ति के बाद नगर पालिका के दरोगा मेट ने तत्काल प्रभाव से फिल्ड़ में साफ-सफाई के लिए लग गए। परिणाम स्वरूप यह रहा की संपूर्ण शहर की मात्र 2 घंटे में साफ हो गई। इधर नगर पालिका व कांग्रेस नेताओं ने औलामाओ तथा सीरत कमेटी प्रमुखों का इस्तकबाल किया। इस मौके पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव मोहम्मद यूसुफ कडपा, डॉक्टर हमीर सिंह राठौड़, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, एडवोकेट उबेद अंसारी, महमूद भाई (पेपा पहलवान) महिला नेत्री अन्नपूर्णा पवार, पार्षद विनोद ओरा, मुस्तकीम मंसूरी, आसिफ कबाडी, आमिर कप्तान, शौकत कुरैशी, सैयद अतहर अली, जमालुद्दीन, नईम भाटी, इकबाल कबाडी, मुस्ताक जीजा, मन्नन कडपा, बद्दी भाई आदि उपस्थित थे। इनके अलावा निजाम काजी मित्र मंडल ने नीम चौक में जूलुस का स्वागत किया। विरेन्द्रसिंह सोलंकी, हरिनारायण अरोड़ा, पप्पु चारोड़िया, इमरान मंसूरी, कान्हा हाड़ा आदि उपस्थित थे। कांग्रेस नेता एडवोकेट वरूण श्रोत्रिय मित्र मंडल ने भी कमानी गेट पर जुलूस का स्वागत किया।



### कर्बला में मिला टेकरी जुलूस

ईद मिलादुन्नबी का जुलूस ठीक 9 बजे नियत स्थान से प्रारंभ हुआ तथा दोपहर 2 बजे करीब कर्बला पहुंचकर समाप्त हुआ। इसके पहले हुसैन टेकरी शरीफ से नौजवाने हुसैन जुलूस कमेटी के जानिब से टेकरी से 8 बजे जुलूस निकला जो कर्बला में आकर मिला। जुलूस रपट रोड़, जेल रोड़, शहर थाना, रेल्वे फाटक, स्टेशन रोड़, लक्ष्मीबाई रोड़, नीम चौक, कोठी बाजार, बजाज खाना, बोहरा बाखल, खत्रीपुरा होते हुए कर्बला मैदान पहुंचा। जुलूस का नेतृत्व हुसैन टेकरी सीईओ एडवोकेट अब्दुल हकीम खान, मुजम्मिल रजा, पाटिया भाई, इसराक भाई ने किया।